## पाठ 12　いつ日本に来ましたか
## इत्सु निहोन् नि किमाशिता का

| | | |
|---|---|---|
| さくら | ロドリゴさんはいつ日本に来ましたか。 | रोड्रिगो जी, आप जापान कब आए? |
| साकुरा | रोदोरिगो-सान् वा इत्सु निहोन् नि किमाशिता का? | |
| ロドリゴ | 3月に来ました。 | मार्च में आया। |
| रोड्रिगो | सन्गात्सु नि किमाशिता। | |
| さくら | もう日本の生活に慣れた？ | जापान के रहन-सहन की आदत हो गई? |
| साकुरा | मोउ निहोन् नो सेइकात्सु नि नारेता? | |
| ロドリゴ | ええ、まあ。 | जी, कुछ-कुछ। |
| रोड्रिगो | एए, माआ। | |

### व्याकरण सीखें

**① क्रिया का ता-रूप**　☞ *क्रियाएँ : पृष्ठ 54, 55*

◈ क्रिया का **ता**-रूप, क्रियाओं के उस रूप को कहते हैं जिसमें अन्तिम अक्षर **ता** या **दा** होता है। इस रूप का इस्तेमाल भूतकाल या क्रिया का समापन बताने के लिए होता है।

◈ इस रूप का इस्तेमाल करने से बातचीत अधिक अनौपचारिक लगती है।

उदाहरण) नारे<u>मासु</u> (आदत पड़ना) ⇒ नारे<u>ता</u> (आदत हो गई/आदत हो गई है)

◈ क्रिया का **ता**-रूप बनाने का तरीक़ा, बिलकुल **ते**-रूप बनाने के तरीक़े जैसा ही है, जो आपने पाठ 8 और 9 में सीखा था। बस **ते** की जगह **ता** और **दे** की जगह **दा** लगाएँ।

**② महीने**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इचिगात्सु | जनवरी | गोगात्सु | मई | कुगात्सु | सितम्बर |
| निगात्सु | फ़रवरी | रोकुगात्सु | जून | जुउगात्सु | अक्तूबर |
| सान्गात्सु | मार्च | शिचिगात्सु | जुलाई | जुउइचिगात्सु | नवम्बर |
| शिगात्सु | अप्रैल | हाचिगात्सु | अगस्त | जुउनिगात्सु | दिसम्बर |

### शब्दों की पोटली

यह शब्द बताता है कि बहुत सारे लोग साथ मिलकर मौज-मस्ती कर रहे हैं।

यह शब्द बताता है कि बहुत सारे लोग आपस में बात करते हुए बहुत शोर मचा रहे हैं।